myki के लिए आपकी संदर्शिका

मेलबोर्न में ट्रेनों, ट्रैम और बसों के लिए आपकी टिकट

$

2019
myki किराए
मोबाइल myki
ट्रैम ज़ोन का
मुफ़्त मैप

PUBLIC TRANSPORT VICTORIA

अब myki के साथ यात्रा करने के दो तरीके हैं:

1. आप नीचे दिए गए स्थानों से भौतिक myki कार्ड खरीद सकते/सकती हैं।
2. आप अपने Android फोन पर एक डिजीटल मोबाइल myki कार्ड प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

ptv.vic.gov.au/mobilemyki पर और अधिक जानकारी का पता लगाएँ

अपना भौतिक myki कार्ड खरीदें और टॉप अप करें

पूरे किराए के कार्ड की कीमत $6 है, छूट प्राप्त कार्ड की कीमत $3 है।

आप निम्नलिखित स्थानों से अपना myki खरीद सकते/सकती हैं और टॉप अप कर सकते/सकती हैं:

- सभी 7-Elevens सहित सैंकड़ों दुकानें
- चुनिंदा स्टेशनों और स्टॉप्स पर myki मशीनें
- प्रीमियम स्टेशन टिकट ऑफिस
- PTV हब
- बस में (अधिकतम $20)
- **ptv.vic.gov.au** पर या **1800 800 007** पर फोन करके (myki की डिलीवरी में सात दिन और ऑनलाइन टॉप अप के लिए लगभग 90 मिनट का समय दें)।

आप myki Quick टॉप अप मशीनों पर myki मनी के साथ भी टॉप अप कर सकते/सकती हैं। टॉप अप करने के अपने सबसे करीबी स्थान का पता **ptv.vic.gov.au/retail** पर लगाएँ

छूट के प्रकारों में चाइल्ड, सीनियर और आम छूट के प्रकार शामिल हैं। **ptv.vic.gov.au/concession** पर यह पता लगाएँ कि आप पात्र हैं या नहीं।

myki पास या myki मनी का चयन करें

आप कितनी बार यात्रा करते/करती हैं, इसपर निर्भर करते हुए, आप myki पास या myki मनी से टॉप अप करने का फैसला ले सकते/सकती हैं। आपका myki किसी एक विकल्प के लिए नियत नहीं होता है, हर बार टॉप अप करते समय अपने लिए सबसे बढ़िया विकल्प का चयन करें। आपके पास एक ही समय में myki मनी और myki पास हो सकता है। यदि आपके myki मनी में नेगेटिव बैलेंस है तो आपका myki पास काम नहीं करेगा।

ptv.vic.gov.au/fares पर किरायों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें तथा myki Money की तुलना myki Pass से करें

myki पास

यदि आप अक्सर यात्रा करते/करती हैं, तो लगातार दिनों के लिए टॉप अप करें। यदि आप सप्ताह में पांच से अधिक दिन के लिए यात्रा करते/करती हैं, तो आप myki पास के साथ बचत करते/करती हैं।

ज़ोन 1+2 के लिए सात दिनों की यात्रा की तुलना करें:

myki मनी **$56.80** (5 x रोज़ाना + 2 x शनिवार-रविवार)
myki पास **$44.00** (7 दिन का पास)

myki पास महानगरीय किराए	**7 दिन**	
	पूरा किराया	छूट
ज़ोन 1+2	$44.00	$22.00
केवल ज़ोन 2	$30.00	$15.00
	28 – 325 दिन	
	पूरा किराया	छूट
ज़ोन 1+2	$5.30*	$2.65*
केवल ज़ोन 2	$3.60*	$1.80*

*प्रतिदिन की कीमत

myki मनी

यदि आप कभी-कभार यात्रा करते/करती हैं, तो प्रयोग अनुसार भुगतान करें। अपने myki में पैसे डालें और आप जहाँ यात्रा करने वाले होंगे,

यह वहाँ के लिए सबसे कम किराए की गणना करेगा। दिन में आपका पहला टच 2 घंटे का किराया जोड़ता है। यदि 2 घंटों के बाद भी आप यात्रा करते/करती हैं, तो आपसे प्रतिदिन का किराया लिया जाएगा।

myki मनी महानगरीय किराए	**2 घंटे**	
	पूरा किराया	छूट
ज़ोन 1+2	$4.40	$2.20
केवल ज़ोन 2	$3.00	$1.50
	रोज़ाना	
	पूरा किराया	छूट
ज़ोन 1+2	$8.80	$4.40
केवल ज़ोन 2	$6.00	$3.00
शनिवार-रविवार**	$6.40	$3.20

**सार्वजनिक अवकाश

टच ऑन और टच ऑफ करना

ट्रेनें
टच ऑन और टच ऑफ करना याद रखें।

बसें
टच ऑन और टच ऑफ करना याद रखें।

ट्रेम
टच ऑन करना याद रखें, आपको टच ऑफ करने की ज़रूरत नहीं है।

यदि आप केवल सिटी के फ्री ट्रेम ज़ोन में यात्रा कर रहे/रही हैं तो आपको टच ऑन या टच ऑफ करने की ज़रूरत नहीं है।

ट्रेम पर केवल तभी टच ऑन और टच ऑफ करें यदि आप केवल ज़ोन 2 में यात्रा कर रहे/रही हैं (ज़ोन संबंधी अधिक जानकारी के लिए **ptv.vic.gov.au/zones** देखें)

अपना myki रजिस्टर करें

अपना बैलेंस सुरक्षित करने के लिए **ptv.vic.gov.au/register** पर अपना myki रजिस्टर करें

यदि आप क्षेत्रीय (रिज़नल) विक्टोरिया में यात्रा करने की योजना बना रहे/रही हैं तो ptv.vic.gov.au/regionaltickets देखें

myki मोबाइल हो गई है

Mobile myki के साथ, आप अपने Android फोन के साथ यात्रा करते हुए भी टॉप अप और टच ऑन कर सकते/सकती हैं।

अब Google Pay™ पर उपलब्ध



ptv.vic.gov.au/mobilemyki
पर और अधिक जानकारी का पता लगाएँ

NTT DATA

Google Pay is a trademark of Google LLC.

फ्री ट्रेम ज़ोन

सिटी के फ्री ट्रेम ज़ोन में सिटी सेंटर शामिल है और यह Queen Victoria Market से लेकर Docklands, Spring Street, Flinders Street Station तथा Federation Square तक फैला हुआ है।

यदि आप केवल सिटी के फ्री ट्रेम ज़ोन में यात्रा कर रहे/रही हैं तो ऑन या ऑफ टच न करें। आपको myki की ज़रूरत नहीं है।

यदि आप फ्री ट्रेम ज़ोन के बाहर यात्रा कर रहे/रही हैं तो टच ऑन करना याद रखें।

FREE TRAM ZONE

ज़ोन की सीमाओं की पहचान करने के लिए ट्रेम स्टॉप पर ये संकेत देखें।



©Public Transport Victoria 2018

और अधिक जानकारी के लिए **ptv.vic.gov.au** देखें या **1800 800 007** पर फोन करें।

यदि आप बहरे/बहरी हैं, या आप सुनने या बोलने की समस्या के विकार से पीड़ित हैं, तो और अधिक जानकारी के लिए नेशनल रिले सेवा के माध्यम से हमसे संपर्क करें, **relayservice.gov.au** देखें

अन्य भाषाओं में जानकारी के लिए:

普通話	9321 5454	廣東話	9321 5441
Italiano	9321 5444	ਪੰਜਾਬੀ	9321 5445
Ελληνικά	9321 5443	हिन्दी	9321 5442
Việt-ngữ	9321 5449	සිංහල	9321 5446
عربي	9321 5440	**Español**	9321 5447

यदि आपकी भाषा यहाँ सूचीबद्ध नहीं है तो **ptv.vic.gov.au/languages** पर जाएँ या **9321 5450** पर फोन करें।

Transport for Victoria, 1 Spring Street, Melbourne द्वारा प्राधिकृत

PTVH3050/19

TRANSPORT FOR VICTORIA